# श्री अमरेन्द्र कुमार, माननीय स०वि०स० से प्राप्त प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं०– 147 / 2026 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रतिहस्ताक्षरित याचिका | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड अन्तर्गत पूर्वी उच्च स्तरीय सोन नहर जो फेमा फॉल से निकल कर दुलारचक माइनर तक जर्जर अवस्था में है इस माइनर का विस्तार अकुरी नाला तक करना आवश्यक है जिससे नीमा, सरसोल अकुशी आदि गांवों के सैकड़ों एकड़ परती जमीन को सिंचाई सुविधा प्राप्त हो सके इस नहर को अकुरी नाला तक विस्तारित करने हेतु कई बार उच्च पदाधिकारियों से निवेदन किया गया लेकिन कोई कार्रवाइ नहीं हुई ।<br><br>अतः फेमा फॉल से दुलारचक माइनर को अकुरी नाला तक विस्तारित करने और नहर का जिर्णोद्धार करने हेतु हम आपके समझ विनम्र याचना करते है। | वस्तुस्थिति यह है कि:–<br><br>पूर्वी सोन उच्चस्तरीय मुख्य नहर के कि०मी० 57.93 से दुलारचक उप वितरणी निःसृत है, जो 7.62 कि०मी० के पुरे लंबाई में दुलारचक ग्राम तक पूर्व से निर्मित है।<br><br>वर्ष 2022–23 में "हर खेत तक सिंचाई का पानी" योजना के तहत इस नहर में पुनर्स्थापन कार्य कराया गया है। साथ ही वर्ष 2026–27 में आवश्यकतानुसार कतिपय बिन्दुओं पर मरम्मति कार्य कराया गया है एवं वर्तमान खरीफ अवधि में अंतिम छोर तक पानी पहुँचाया जा रहा है।<br><br>दुलारचक उप वितरणी दुलारचक ग्राम के निकट पूर्व से निर्मित करहा में जा कर मिल जाती है। करहा के माध्यम से प्रश्नगत गाँवों नीमा, सरसोल एवं अकुरी आदि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है।<br><br>वर्तमान में दुलारचक उप वितरणी का अकुरी नाला तक नहर विस्तारिकरण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–20 / 2026 पटना / दिनांक ..........................................

प्रतिलिपि :– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं0–147 / 2026 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–20/2026 पटना/दिनांक :..........................................

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–20/2026 पटना/दिनांक :..........................................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–20/2026 ५०१७ पटना/दिनांक :..15.7.26..........

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/7/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव